तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 23 जून 2024

विद्यालय जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत में लोगों ने किया योग

ख़बर संक्षेप

धोबी समाज के अधिवेशन में शामिल हुए ओपी

रायगढ़। धोबी समाज का अधिवेशन रायगढ़ में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय सांसद राधेश्याम राठिया, पिछड़ा वर्ग नेता बालक राम पटेल, रायगढ़ नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती सोलंकी थे। अधिवेशन में पदम रामलाल बरेठ संहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने समाज जनों को संबोधित करते हुए कहा. धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय इस आयोजन में आने वाले थे परंतु कुछ प्रशासनिक जरूरी काम आ जाने के कारण वह नहीं आए, उनके प्रतिनिधि के रूप में हम स्वयं पहुंचे हैं। समाज का कोई काम नहीं रुकेगा। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर की मांग पर मोदीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपया स्वीकृत करने की बात कही। मुख्य अतिथि ने भवन के लिए भूमि आवंटन भी शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज के होनहार बालक जो कौन बनेगा करोड़पति में भाग लिए थे उन्हें 25000 राजकीय पुरस्कार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिलवाने की बात कही।

सट्टा-पट्टी लिख रहा युवक गिरफ्तार

रायगढ़। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में टाऊन पेट्रोलिंग दौरान थाना जूटमिल स्टाफ द्वारा मुखबीर सूचना पर कबीर चौक बीमा हास्पिटल के सामने सहाबुद्दीन नामक व्यक्ति को सट्टा.पट्टी पर जुआ खेलाते पकड़ा गया है। आरोपी सहाबुद्दीन खान पिता सहानुद्दीन खान उम्र 35 वर्ष निवासी गांधी नगर जूटमिल रायगढ थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के कब्जे से नगदी रकम 390 रुपए एक नग कोरा कागज में विभिन्न अंको एवं अक्षरो में लिखा सट्टा हिसाब एवं एक डाटपेन पुलिस द्वारा जप्त किया गया है।

गोपालपुर में पदस्थ महिला पटवारी का कारनामा

रिश्वत लेते महिला पटवारी का वीडियो वायरल, एसडीएम ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ग्राम गोपालपुर की महिला पटवारी एक किसान से उसके जमीन संबंधी काम कराने के एवज में पैसे लेते हुए एक वीडियों में नजर आई। इस वीडियो के वायरल होने के बाद एसडीएम प्रवीण तिवारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला पटवारी को निलंबित कर दिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में पदस्थ महिला पटवारी सुलोचना साव एक किसान से बात चीत करते व उसके जमीन संबंधी किसी कार्य के एवज में पैसे लेते हुए एक वीडियो में कैद हो गई। इस वीड़ियों मे

किसान से पैसे लेती महिला पटवारी।

गांव के ही एक किसान से महिला पटवारी जमीन संबंधी किसी कार्य के लिए खर्च देने की बात कहती नजर आ रही है। इसके बाद आखिर में दोनों के बीच रकम को लेकर बात होती है। किसान से मिली राशि को अपर्याप्त बताते हुए महिला पटवारी काम के एवज में और रुपए की मांग करती है। इस वीडियो के सामने आते ही राजस्व अमला सहित तहसील कार्यालय में हडक्रंप की स्थिति व्याप्त है। एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने मामले में सख्त तेवर दिखाते हुए पटवारी पर कार्रवाई के आदेश देते हुए महिला पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। एसडीएम प्रवीण तिवारी का कहना है कि उन्होंने वीडियो के आधार पर जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि महिला पटवारी इस वीडियो को एक साल पुराना बता रही है। बहरहाल इस मामले में जांच की बात कही जा रही है। देखना यह होगा कि जांच अधिकारी किस तरह की कार्रवाई करते हैं।

निलंबन का आदेश जारी

एसडीएम द्वारा जारी आदेश में महिला पटवारी के इस कृत्य को छत्तीसगढ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरित होने की बात कहते हुए निलंबित किया गया है। उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तहसील कार्यालय के कानूनगों शाखा में अटैच किया गया है। वहीं गोपालपुर का प्रभारी मरदास संजय को दिया गया है।

कई पुलिसकर्मियों का एसपी ने किया तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कानून व्यवस्था में कसावट लाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जिला पुलिस बल की सर्जरी करते हुए थोक में तबादला किया है। एसपी ने जहां दो थानेदारों के प्रभार में फेरबदल किया गया तो वहीं तीन उपनिरीक्षक, 6 सहायक उप निरीक्षक व 10 प्रधान आरक्षक एवं 23 आरक्षकों का तबादला कर दिया। एसपी श्री पटेल द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिकर यादव अब धर्मजयगढ़ के नये थाना प्रभारी होंगेए वहीं निरीक्षक कमला पुसाम को भूपदेवपुर थाना का प्रभार सौंपा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने विभागीय कामकाज में कसावट लाने दो निरीक्षकों सहित 49 पुलिसकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार भूपदेवपुर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव को धर्मजयगढ़ व निरीक्षक कमला पुसाम को भूपदेवपुर का प्रभार दिया है। इसी कड़ी में उप निरीक्षक अमरनाथ शुक्ला को कोतवाली से थाना खरसिया, उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को थाना खरसिया से कोतवाली व उप निरीक्षक गिरधारी साव को रक्षित केंद्र से जूटमिल थाना में पदस्थ किया है। वहीं सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक को यातायात से कोतवाली, सुरेन्द्र वर्मा लैलूंगा से कापू, उदय सिंह सिदार चक्रधर नगर से छाल, राजेश दर्शन खरसिया से लैलूंगा, हेमंत कश्यप खरसिया से लैलूंगा वहीं महिला सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे को खरसिया से लैलूंगा थाना में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार 10 प्रधान आरक्षक एवं 23 आरक्षकों का स्थानांतरण किया है।

परिसीमन में वार्डों का विस्तार संभव, संख्या बढ़ाने पर संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आगामी नगरी निकाय चुनावों को देखते हुए परिसीमन में वार्डो की संख्या में बढ़ोत्तरी के बजाए विस्तार किए जाने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि इससे कुछ दिग्गज पार्षदों का समीकरण जरूर बिगड़ सकता है। ऐसे में पार्षद भी चुनाव जीतने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा सकते हैं।

सूत्र बता रहे है कि नगर निगम का चुनाव 48 वार्डों के साथ ही होना लगभग तय है। चूंकि सीमा में बदलाव आने से पुराने पार्षदों के परंपरागत वोटरों के भी बदलने की संभावना है। यही वजह है कि नये सिरे से निर्धारण को लेकर दिग्गज नेता अभी से गुणा भाग में जुट गए हैं। बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव के पहले वार्डों का नये सिरे से परिसीमन होना है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्ष 2011 के जनगणना के आधार पर वार्डों का परिसीमन होना है। स्थानीय स्तर पर भी परिसीमन की तैयारी शुरू हो गई है। नये सिरे से होने वाले परिसीमन में रायगढ़ नगर निगम से लगे कुछ गांव को जोड़ कर नये वार्ड बनाने की संभावना जताई जा रही थी, जिससे वार्डों की संख्या में भी बढ़ोतरी होने का अनुमान था। किंतु बताया जा रहा है कि अब ग्रामीणों क्षेत्रों को नगर निगम में नहीं जोड़ा जायेगा। ऐसी स्थिति में परिसीमन में केवल जनसंख्या के आधार पर वार्डों का विभाजन होगा। किंतु वार्डों के क्षेत्र में विस्तार जरूर होगा।

अधिकारियो व कर्मचारियों को कर रहे प्रशिक्षित

वहीं वर्ष 2011 की जनगणना तथा विगत आम निर्वाचन में उपलब्ध मतदाताओं की संख्या के आधार पर वार्डों की भौगोलिक स्थिति एवं प्रत्येक वार्ड की औसत अनुमानित जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए वार्डों का विभाजन किया जाना है। वार्डों के विभाजन के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। 48 वार्डों वाले रायगढ़ नगर निगम का वर्ष 2014 में परिसीमन हुआ था, जिसमें 10 गांवों को जोड़ कर 8 वार्डों की बढ़ोतरी की गई थी।

गठजोर में लगे दिग्गज पार्षद

इसे लेकर दिग्गजों की सांसें अटकी हुई है। कई पुराने वरिष्ठ पार्षदों के परंपरागत वोटर है जिनके बदलने की संभावना है इसको लेकर अब खासकर वरिष्ठ पार्षद गुणा भाग में जुट गये हैं। पूर्व में भी परिसीमन के दौरान इस तरह के मामले सामने आये थे और जनप्रतिनिधियों में वार्डों के परिसीमन में त्रुटि होने की शिकायत भी दर्ज कराई थी। कुछ वार्डों में मतदाता संख्या अधिक थी तो कुछ में काफी कम थी। इस बार ऐसी त्रुटि न हो इसको लेकर सभी अपनी तैयारी में लगे हैं।

दुकान में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। जूटमिल पुलिस द्वारा कल सांगीतराई मेन रोड चंद्रा मेडिकल दुकान के गल्ले से रुपए चोरी के मामले में एक युवक और उसके साथी विधि के साथ संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ दुकान के रोशनदान से अंदर प्रवेश कर नकद 15 हजार चोरी करना स्वीकार किये हैं। आरोपियों को जूटमिल पुलिस द्वारा सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। चोरी को लेकर 8 जून को थाना जूटमिल में संगीतराई समलाई मंदिर के पास रहने वाले दौलतराम चंद्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जून की रात रोज की तरह मेडिकल दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह दुकान का शटर खोल कर अंदर गया तो देखा एक गल्ले का सामान बिखरा पड़ा था और दूसरे गल्ले का ताला टूटा हुआ था, उस गल्ले के अंदर रखे रुपए नहीं थे। किसी अज्ञात आरोपी द्वारा छत के रोशनदान से दुकान अंदर प्रवेश कर गल्ले में रखें लगभग 80 हजार को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट प्रार्थी दौलतराम चंद्रा द्वारा दर्ज कराया गया था। मुखबीर सूचना पर दो संदेही लड़कों को पकड़ा गया। संदेही अभिनव उर्फ नानू सिदार निवासी बजरंग पारा दर्री तालाब के पास थाना जूटमिल रायगढ़ ने अपने दो अन्य साथियों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि मेडिकल दुकान के गल्ले से उन्होंने 15 हजार चोरी किए थे।

मांगों को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार विकासखंड स्थित जेएसपीएल डोंगामहुआ डीसीपीपी जेएसपीएल प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीण कंपनी प्रबंधन से त्रस्त होकर आर्थिक नाकेबंदी कर धरने पर बैठे हैं। जिसके कारण डोंगामहुआ से लिबरा तक लगी गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी हैं। ग्रामीणों की मानें तो उन्हें कंपनी प्रबंधन द्वारा किसी तरह की आधारभूत सुविधा नहीं दी जाती है।

जबकि इसे लेकर कई बार निवदेन किया जा चुका है।

प्रबंधन पर सड़क, पानी, बिजली, फ्लाई ऐश, काम करने के बाद भुगतान न किया जाना, नौकरी जैसे कई महत्वपूर्ण आधारभूत मामलों में कोताही बरतने का आरोप है। ग्रामीणों ने यह भी बताया है कि कंपनी के ब्लास्ट के कारण उनके कच्चे मकान के खपरैल और दीवारों में दरार आ जाती है। मगर कंपनी द्वारा इसका कोई भी समाधान नहीं किया जाता। जानकारी के अनुसार ग्रामीण शनिवार की सुबह से आर्थिक नाकेबंदी करते हुए सड़क किनारे डीसीपीपी गेट के पास धरना दे रहे हैं। जिससे खदान के अंदर जाने वाली गाड़ियां और फ्लाई ऐश परिवहन पर लगे सैकड़ो गाड़ियों के पहिए थम गए हैं। जिससे आवाजाही में परेशानी हो रही है और लिबरा तक गाड़ियों की लंबी कतार सड़क के दोनों किनारो पर लग गई है। पीड़ति ग्रामीणों ने अपनी मांगे तहसीलदार के समक्ष आवेदन के रूप में भी प्रस्तुत किया है।

108 घड़ों के जल से स्नान कर बीमार हुए महाप्रभु

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रथोत्सव से पहले शनिवार को 108 घड़ों के जल से महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व भाई बलभद्र को स्नान कराया गया। सुबह करीब 4 बजे से ही राजापारा स्थित जगन्नाथ मंदिर सहित पैलेस रोड़ स्थित गोपीनाथ जीव मंदिर में देव स्नान की तैयारी शुरू की गई और इसके बाद महाप्रभु को विधि विधान से स्नान कराया गया। इस दौरान काफी संख्या में भक्तों ने उनके दर्शन किए।

ज्येष्ठ पूर्णिमा को देव स्नान पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा से पूर्व इस विशेष दिन पर भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा निकाली जाती है। शहर के राजापारा स्थित जगन्नाथ मंदिर तथा पैलेस रोड स्थित गोपीनाथ जीव मन्दिर मेंवैदिक पंचांग के अनुसार 22 जून 2024 शनिवार को देव स्नान पूर्णिमा पर्व मनाया जा रहा है। शनिवार से अगले 14 दिनों तक भगवान जगन्नाथ के दर्शन नहीं देंगे, ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान श्री जगन्नाथ मंदिर के कपाट बंद रहेंगे और

15वें दिन मंदिर के कपाट खोले जाएंगे और जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू होगी। मान्यता है की पूर्णिमा स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र बीमार पड़ जाते हैं। इसलिए इन 14 दिनों के लिए कई विशेष औषधीयों से उनका उपचार किया जाता है। इसके बाद आषाढ़ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाते हैं और फिर से मंदिर के कपाट दर्शन के लिए खोल दिए जाते हैं। इसी दिन मंदिर में नेत्र उत्सव भी मनाया जाता है।

चंदन व केसर युक्त जल से सहस्त्रधारा स्नान

ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा को गर्भ गृह में 108 घड़े के पानी से स्नान कराया गया। इन घड़ो में चंदन, केसर, सुगंधित पुष्प, कस्तूरी जैसे पवित्र चीजों से स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ के साथ तीनों भाई बहनों को सादा बेश धारण कराया गया और इसके बाद मंदिर के कपाट दर्शन के लिए बंद कर दिए गए।

7 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

महाप्रभु जगन्नाथ देवी सुभद्रा और भाई बलभद्र को सहस्त्रधारा स्नान कराया जाता है। 15 दिनों बाद आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि का प्रारंभ 07 जुलाई को रथ यात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान रथारूढ़ होकर महाप्रभु भक्तों को अपने दिव्य दर्शन व आशीर्वाद देंगे।

नाबालिग बालिका को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

रायगढ़। गुम नाबालिगों की तलाश में पुसौर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से लापता बालिका को बरामद कर बालिका को भगा ले जाने वाले युवक को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। बालिका के गुम होने के संबंध में बालिका के पिता द्वारा 04 जनवरी को थाना पुसौर में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि पिछले साल 27 दिसंबर की रात्रि सभी अपने कमरे में सोये थे। रात्रि बालिका बिना बताए कहीं चली गई। थाना पुसौर में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यिान बालिका को ग्राम बार थाना सरिया निवासी खगेश्वर सिदार द्वारा बहला फुसलाकर भाग ले जाने की जानकारी मिली थी। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा निरीक्षक रोहित बंजारे ग्राम बार में सूचना देने मुखबीर लगा रखे थे और बालिका और संदेही युवक को अभिरक्षा में लेने हर सम्भावित स्थानों पर दिया जा रहा था। आज बालिका को ग्राम बार में देखे जाने की सूचना पर तत्काल पुसौर पुलिस द्वारा दबिश दिया गया। संदेही युवक के पास बालिका मिली जिसे थाना लाया गया। बालिका का महिला अधिकारी से कथन कराया जिसमें बालिका ने खगेश्वर सिदार द्वारा प्रेम प्रसंगए शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाना और जबरन शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई है। बालिका के कथन मेडिकल पर प्रकरण में धारा 366, 376,2,छ 4,6 पॉक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी खगेश्वर सिदार पिता दयाराम सिदार उम्र 26 साल निवासी ग्राम बार थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, जहां आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर आरोपी को पुसौर पुलिस द्वारा जेल दाखिल किया गया है।

22-Jun- Jash-CORIYA-RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/22/2024 7:36 PM Page 1

खबर संक्षेप

सीआरपीएफ 62 बटालियन के जवानों ने किया योगाभ्यास

अम्बिकापुर। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 62वीं बटालियन के दूरदर्शन कॉलोनी स्थित मुख्यालय में कमांडेट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक योगासनों का अभ्यास किया। कमांडेट श्री सिंह अधिकारी व जवानों को योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में बताया एवं अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

साई बाबा आदर्श कॉलेज में मना योग दिवस

अम्बिकापुर। श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में योग का अभ्यास किया गया। प्राचार्य डॉ राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि नियमित योग करें और दूसरों को भी योग-प्राणायाम के लिए प्रेरित करें। इससे आप स्वस्थ रहेंगे और समाज भी स्वस्थ होगा। उन्होंने सूर्य नमस्कार, तितली आसन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति से शरीर पर पड़ने वाले लाभ के बारे में बताया। दो योग प्रशिक्षकों के साथ आर्ट ऑफ लिविंग के तानसेन गुप्ता ने आसनों का अभ्यास कराया। इस दौरान डॉ.आरएन शर्मा, अरविन्द तिवारी, शैलेष देवांगन, विवेक कुमार गुप्ता, दिनेश शाक्य सहित अन्य अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

तेरा पंथ के सदस्यों ने किया योगाभ्यास

अम्बिकापुर। समणी विपुल प्रज्ञा एवं आदर्श प्रज्ञा के सानिध्य में शिक्षिका श्रीमती स्वीटी महनोत ने तेरा पंथ के सदस्यों को योगासनों का अभ्यास कराया। विपुल प्रज्ञा ने योग एवं नवकार मंत्र द्वारा नवग्रह के प्रभाव को शांत करने एवं शरीर को स्वस्थ रखने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि हमारे शरीर में 13 प्रकार की कोशिकाएं है, जिसपर योग द्वारा अलग-अलग तरीके से काबू पाया जा सकता है। उन्होंने प्रेक्षा ध्यान के बारे में बताया एवं कहा कि जिस प्रकार मनुष्य को जिंदा रहने के लिए भोजन और पानी की आवश्यकता होती है उसी प्रकार शरीर को जिंदा रखने के लिए योग की आवश्यकता है। प्रत्येक मनुष्य को अपनी आत्मा और शरीर के लिए योग आसनों का अभ्यास करना चाहिए।

पीजी कॉलेज में भौगोलिक अनुसंधान एवं सावधानियां विषय पर व्याख्यान

अम्बिकापुर। राजीव गांधी पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान में डॉ.हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सेवानिवृत प्रोफेसर तथा जनसंख्या अनुसंधान केन्द्र के डायरेक्टर डॉ.संतोष शुक्ला ने भौगोलिक अनुसंधान की प्रकृति, उसकी शोध प्रक्रिया, क्रमबद्ध आनुभाविक, नियंत्रित एवं तर्कपूर्ण अध्ययन, वस्तुनिष्ठता व व्यवहारिकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष डॉ.आरके जायसवाल ने भागौलिक अनुसंधान में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक डॉ अनिल सिन्हा ने कहा कि देश के मूर्धन्य भूगोल वेत्ता डॉ.शुक्ला की अकादमी अभिरूचि एवं सक्रियता का छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। सहायक प्राध्यापक श्रीमती दीपिका स्वर्णकार ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो.प्रेमचंद यादव, गेस्ट प्राध्यापक ओमकार कुशवाहा तथा स्नातकोत्तर की छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

नीट परीक्षा में गड़बड़ी की हो पारदर्शी तरीके से जांच

अम्बिकापुर। प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर केन्द्र सरकार की

आलोचना की है तथा नीट परीक्षा में धांधली होने का आरोप लगाया है। परीक्षा में गड़बड़ी से परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों का परिश्रम बेकार हो गया है। पेपर लीक होना अपराध है एवं इसके विरूद्ध सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने केन्द्र सरकार से छात्रों के भविष्य से जुड़े इस विषय की पारदर्शी तरीके से जांच करने छात्रों की समस्याओं का निराकरण कर उन्हें जल्द से जल्द न्याय दिलाने की मांग की है।

योग दिवस पर लोगों ने किया योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास

योग परंपरा व संस्कृति का हिस्सा, मिलती है ऊर्जा

अम्बिकापुर शुक्रवार को शहर सहित पूरे जिले भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारी उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने योग शिक्षकों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में योग शिक्षकों ने योगासनों एवं प्राणायाम के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभ से अवगत कराया।

सैनिक स्कूल में योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी की थीम किया गया योग

मेंड्राकला स्थित सैनिक स्कूल में योग दिवस मनाया गया। स्कूल के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल के नेतृत्व में योगा फॉर सेल्फ एन्ड सोसायटी की थीम पर किया गया। इस दौरान सैनिक स्कूल परिसर में निवासरत अधिकारी-कर्मचारियों, कैडेट्स ने योगाभ्यास किया। योग दिवस पर योगासन कार्यक्रम का संचालन स्कूल के खेल प्रशिक्षक सीएचएम वाई इन्द्रा जॉनी द्वारा किया गया। योगासन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले शरीर को ताजगी एवं स्फूर्ती प्रदान करने हेतु सर्वप्रथम अलग-अलग समूहों में योगा दौड़ कराया गया। इसके पश्चात खेल प्रशिक्षक ने योग के बारे में जानकारी देते हुए योग करने के लाभ को बताया। योग प्रशिक्षक द्वारा योग के विभिन्न आसनों के बारे में जानकारी देते हुए सूर्य नमस्कार मुद्रा से योग प्रारंभ कराया गया। इसके पश्चात ताड़ासन, भुजंगासन, नौकासन, सुखासन, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भस्रिका एवं कपालभाति प्राणायाम आदि कराए गए। इस अवसर पर ग्राम मुड़ेसा स्थित डेम में भी योगासन कराया गया जिसका मुख्य उद्देश्य पानी बचाव अभियान को बढ़ावा देना एवं अगली पीढ़ी के लिए पानी सुरक्षित रखना था। सैनिक स्कूल में अध्ययनरत कैडेटों के मध्य जूनियर एवं सीनियर वर्ग में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसका थीम योगा फॉर सेल्फ एण्ड सोसायटी था। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने योग को व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार बताया जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों को बल्कि मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है।

भाजपा कार्यालय, संकल्प भवन

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में नगर मण्डल द्वारा योग दिवस मनाया गया। सांसद चिन्तामणि महाराज, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज व वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर के आतिथ्य में आचार्य कमलेश सोनी तथा अम्बिका शुक्ला ने उपस्थित लोगों से योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सांसद चिन्तामणि महाराज ने कहा कि निरोगी जीवन के लिए योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। योग हमारे तन और मन दोनों शक्तियों को मजबूत करने के लिए आवश्यक है। इस दौरान जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, नगर मण्डल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, फुलेश्वरी सिंह, अम्बकेश केशरी, विनोद हर्ष, डीके पुरिया, मंजूषा भगत, करताराम गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा, आलोक दुबे, जन्मेजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मानव श्रृंखला बनाकर किया योग के लिए प्रेरित

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय में जिला परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता, सरगुजा साइंस ग्रुप के संयोजक आंचल ओझा, जन शिक्षण संस्थान के संचालक एक सिद्धिकी व योग प्रशिक्षक अमृता मेहता की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अमृता मेहता ने योग का महत्व बतायवा और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में योग विषय पर आयोजित चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मोदी जी के सेल्फी प्वाइंट पर छात्र-छात्राओं ने जमकर सेल्फी ली। अंत में छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर योग के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्यूरो प्रभारी हिमांशु सोनी ने किया।

केआर टेक्निकल कॉलेज

केआर टेक्निकल कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। आयोजन में अध्यापक, कर्मचारी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। योग शिक्षिका स्वीटी जैन ने उपस्थित लोगों से आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। सेंट्रल बैंक के अधिकारी श्याम गुप्ता ने कहा कि हमें योगाभ्यास को अपने रोजमर्रा के जीवन में शामिल करना होगा। योग का अभ्यास हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। आने वाले समय में भी हम मिलकर इस तरह के सामाजिक सरोकार की गतिविधियां आयोजित करते रहेंगे। उपाध्यक्ष श्री राहुल जैन ने कहा कि योग निरंतर करने वाला अभ्यास है। इसका लाभ तभी मिलेगा जब हम इसका नियमित अभ्यास करें। इस दौरान क्षेत्रीय प्रमुख रणधीर सिंह, संजय प्रधान, नीरज गोस्वामी, प्रियेश गौतम, अनुराग, चंदन, डायरेक्टर श्रीमती रीनू जैन आदि उपस्थित थीं।

स्टेडियम ग्राउण्ड एवं शैला रिसोर्ट

मैनपाट। स्टेडियम ग्राउंड नर्मदापुर में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल सिंह ने कहा कि योग एक जीवन शैली है जिसने अपना लिया वह शरीर व मन दोनों से स्वस्थ हो जाता है। दैनिक जीवन में योगाभ्यास शामिल हो ऐसी कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम में शिथिलीकरण आसन, प्राणायाम, ध्यान व संकल्प के साथ योग अभ्यास कराए गए। शैला रिसोर्ट में भी योग किया गया। अंत में जनपद सीईओ अमन यादव ने कहा कि आज के भागमभाग के दौर में योग को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना जरूरी है। इस दौरान नायब तहसीलदार कृष्ण कंवर, बीईओ योगेश शाही, बीएम ओआरएस सिंह पैकरा, कुंज बिहारी गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, प्रवीण टेकाम, गजानंद दास, अंजना कुजूर वही शैला रिसोर्ट में मंडल अध्यक्ष रजनीश पाण्डेय, श्रीराम यादव, कल्पदेव यादव, नरसिंह यादव, अनिल राइस सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

श्यामनगर में संकुल स्तरीय योग

हायर सेकेण्डरी स्कूल श्यामनगर में संकुल स्तरीय योग दिवस के कार्यक्रम में स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने एक साथ योगाभ्यास किया। व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने योगाभ्यास कराया और नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में हायर सेकेण्ड्री स्कूल, प्राथमिक शाला श्याम नगर, तमोरपारा एवं माता राजमोहनी देवी शाला श्यामनगर के स्टाफ व बच्चों ने एक साथ योगाभ्यास किया। योग शिक्षक अजय चतुर्वेदी ने ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि संचालन, घुटना संचालन, तड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोण आसन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन तथा विविध प्राणायामों का अभ्यास कराया। योग केवल कसरत ही नहीं बल्कि यह एक ऊर्जा के रूप में काम करता है। इस दौरान प्राचार्य प्रदीप कुमार जायसवाल, व्याख्याता लीलाधर नायक, अजय पटवा, विवेक एक्का, विजय भारती, श्रीमती दीप्ति एक्का सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में किया गया योग

राजपुर। शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में योग करके निरोग रहने का संदेश दिया गया। इस दिवस की महत्ता को बरकरार रखने के लिए विद्यालय के प्राचार्य व समस्त शिक्षकों ने योग की क्रियाविधि में हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग निरोग रहने का उत्तम माध्यम है। हमें दिन की शुरुआत योग से ही करना चाहिए ताकि हमारा शरीर स्वस्थ बना रहे।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय

एसजीजीयू के प्रशासनिक भवन में आर्ट ऑफ लिविंग की योग शिक्षिका श्रीमती ममता तिवारी ने अधिकारी-कर्मचारियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कुलपति प्रो.अशोक सिंह ने योगाभ्यास के महत्व को बताया एवं नियमित योगाभ्यास करने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन तनाव से भरा है। हमारे लिए सबसे कीमती शरीर की देखभाल के लिए समय नहीं है जिससे कई तरह के विकास उत्पन्न होते है। इससे निजात पाने के लिए हमें हर दिन योगाभ्यास करना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में एक योग सेन्टर खोलने की घोषणा की। कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी ने सभी को योग के फायदे के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि परिवार को प्यार करने वाले अपने शरीर से भी प्यार करें एवं स्वास्थ्य रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करें। इस दौरान सभी अध्यापक विवि के अधिकारी-कर्मचारी एवं रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे।

विवि इंजीनियरिंग कॉलेज

विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज में योग शिक्षिका श्रीमती अवन्तिका गजोरिया के मार्गदर्शन में योगासन का अभ्यास किया गया। उन्होंने योग से होने वाले विभिन्न फायदे के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने कहा कि योग भारत में प्राचीन काल से चला आ रहा है। हमें प्रतिदिन योग तथा प्राणायाम करना चाहिए। योग बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, शारीरिक फिटनेस मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक जागरूकता को बेहतर बनाने में मदद करता है। सहायक प्राध्यापक महीधर दुबे, ने योग दिवस के महत्व के बारे में बताया।

पुष्पेंद्र कॉलेज ऑफ फार्मेसी

पुष्पेन्द्र कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अध्यापकों के साथ योगासनों का अभ्यास किया। संस्था के संचालक दिवाकर शुक्ला ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को योगासनों से होने वाले लाभ से अवगत कराया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नव विश्व भवन में योगासन, प्राणायाम का अभ्यास किया गया। ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी ने कहा कि योग मानव जीवन का अभिन्न अंग है तथा यह भारत की प्राचीन विद्या है जिसे सीखने देश-विदेश के लोग भारत आते है। आत्मा का परमात्मा के साथ मधुर मिलन ही अलौकिक योग है। उन्होंने कमेन्ट्री के माध्यम से राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

स्टेडियम में विभिन्न मुद्राओं से किया गया योग

■ कलेक्टर, जिपं सीईओ, जनप्रतिनिधि, नागरिक तथा अधिकारी कर्मचारियों ने किया सामूहिक योग

सूरजपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय सामूहिक योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती गीता जायसवाल, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहिरे, जिपं सीईओ, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, नागरिकों सहित स्कूली बच्चे शामिल हुए।

मुख्य अतिथि विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि योग हमारे परंपरा और संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनि भी योग से सिद्धि प्राप्त करते थे और समाज के कल्याण में ऊर्जा को लगाते थे। हमें योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी योग का संदेश दिया है। इस अवसर पर बच्चे बुजुर्ग योग कर रहे हैं। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जा रहा हैं। योग भारतीय संस्कृति की पहचान है। शरीर स्वस्थ रहे इसलिए दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही प्रतापपुर में भी भव्य कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुन्तला सिंह पोर्ते उपस्थित थी।

राज्य ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों किया ध्यान-साधना

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के प्रशिक्षक राम कृष्ण ओझा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अधिकारी कर्मचारियों को योगाभ्यास एवं ध्यान साधना कराया गया। कार्यक्रम ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में हैप्पीनेस सेंटर, सूर्योदय एग्रो फॉर्म्स, रिंग रोड, तिलसिवां में ग्रामीण बैंक के अधिकारीयों, कर्मचारियों एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग के वालिंटियर्स तथा सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान सुरेंद्र अग्रवाल, श्याम लाल गोयल, श्रवण जैन, अनूप अम्बस्ट, दीपक वर्मा, विवेक रंजन, अनिल गुप्ता, अशोक कुमार, शंकर सिंह, गौरव त्रिपाठी, कुणाल कुमार, यशबीर सिंह, अभिषेक दूबे, राकेश चौबे, अमर द्विवेदी, ऋतिक गुप्ता, शिवम ओझा, अभिषेक मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस के अधिकारी एवं जवानों ने उत्साह व समर्पण के साथ किया योग

पुलिस विभाग हमेशा समाज की सेवा के लिए हर परिस्थितियों में तत्परता के साथ अपना सारा समय देता है। इसलिए पुलिस जवानों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। योग से संयम और धैर्य बढ़ता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन सहित जिले के सभी थाना-चौकी में पुलिस अधिकारी और जवानों ने बड़े उत्साह और समर्पण के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। एएसपी संतोष महतो के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम में योग शिक्षक संजय गिरी व महिला प्रधान आरक्षक संतोषी गिरी द्वारा पुलिस अधिकारियों व जवानों को योगाभ्यास कराया। शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर किए जाने वाले 5 आसन, बैठकर किए जाने वाले 7 आसन सहित कपालभाती, अनुलोम, विलोम, प्राणायाम, शीतली, भ्रामणी प्राणायाम व ध्यान के अभ्यास कराए साथ ही योग क्या महत्व रखती है उसके बारे में विस्तार से बताया।

योग से मनुष्य शारीरिक, भावानात्मक रूप से रहता है स्वस्थ

बिश्रामपुर। नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान वरिष्ठ क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य एवं संस्कृत शिक्षक अमूल्य भोई के निर्देशन में विद्यालय परिवार एवं विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों व रासेयो समिति सदस्यों ने सामूहिक रूप से विविध योगासनों सूर्यनमस्कार, सुखासन, भुजंगासन, बज्रासन, वृक्षासन, हलासन उत्तानपादासन आदि तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, शीतली ध्यान आदि प्राणायाम की क्रियाएं की गई। विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक ने उपस्थिजनों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाए दी और सबके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में योग की क्रियाओं के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग से मनुष्य शारीरिक ,मानसिक और भावानात्मक रूप से स्वस्थ रहता है। इससे मनोमस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा विकसित होती है और जीवन उल्लासमय हो जाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं एसईसीएल बिश्रामपुर के महाप्रबंधक अजय तिवारी ने समस्त विद्यालय परिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। क्रीड़ा शिक्षक पी. के. वैद्य ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में कहा कि तनाव रहित स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। इससे हमारा सर्वांगीण विकास होता है और स्वस्थ जीवन शैली विकसित होती है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एल. आर. साहू एवं समिति सदस्य पी. के. वैद्य, एम के सारंगी, बिमान घोष, मानस मेटा , चित्रावती मिश्रा व स्वयंसेवकों सहित समस्त विद्यालय परिवार ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया । वरिष्ठ हिंदी शिक्षक ए एम चौबे के द्वारा आभार ज्ञापन व सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन हुआ।

खेलो इंडिया लघु केन्द्र हर्राटिकरा में खिलाड़ियों ने किया योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत खेलो इंडिया के तहत मिनी स्टेडियम ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थापित फुटबॉल ट्रेनिंग सेन्टर लघु केन्द्र के खिलाड़ियों द्वारा उत्साह के साथ स्वयं और समाज के लिए योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योगाभ्यास में उपस्थिति खेल अधिकारी आरती पाण्डेय ने योग का महत्व को बताया। फुटबॉल कोच एवं योग प्रशिक्षक रामबहादुर लांबा द्वारा खिलाड़ियों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पंकज डोंगरे, महेन्द्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

विश्व योग दिवस पर शिक्षक सहित ग्रामीणों ने दो घंटे तक किया योगाभ्यास

पोडी मोड़। विश्व योग दिवस के अवसर पर शिक्षक सहित ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह 5 बजे से ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी के मैदान में पहुंचकर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और दो घंटे तक योग किया। विजय नारायण कुशवाहा, शिवचरण नापित, वीरेन्द्र गुप्ता, मनोहर प्रसाद कुशवाहा व संजय कुशवाहा ने बताया कि योग करने से कई फायदे है हमें प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए। आज के समय के लोग कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना बहुत जरूरी है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

एकल अभियान अंचल ने लिया संकल्प

रामानुजनगर। एकल अभियान के बैनर तले विश्व योग दिवस के अवसर पर जिले के 360 विद्यालयों में योग प्रशिक्षकों द्वारा योग कराया गया जबकि कुछ गांव में आचार्य द्वारा योग कार्यक्रम कराया गया। योग कार्यक्रम में गांव के महिला, पुरुष एवं एकल के बालक, बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। योग करें निरोग रहे का संकल्प लेकर एकल अभियान ने यह कार्यक्रम का आयोजन किया। इस बीच एकल अभियान अंचल समिति पदाधिकारी भी ग्रामों में शामिल हुए। कृष्णपुर विद्यालय, ग्राम देवनगर में योग कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। जहां ग्राम के 46 महिला, 52 पुरुष अंचल समिती 4 कुल 102 उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश साहू, मनोज कुमार, प्रदीप झा, शिवम दुबे, बोधन राम प्रजापति, शिवनारायण,आचार्य चंद्र प्रकाश यादव, श्रीमती लीलावती, रामवृक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रामानुज नगर

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों ने विद्यालय के छात्रों और स्वयंसेवकों के साथ विश्व योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीसी सोनी, विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश उपाध्याय, सरपंच सुशीला सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह टेकाम, पंच दशरथ गुप्ता, बीना गुप्ता, शोषण सिंह, संगीता तांजे, योग शिक्षक मनमोहन प्रसाद, व्याख्याता दिलीप शर्मा, सीमा दुबे, श्रुति साहू, नितिन सिन्हा, सुनील गुप्ता, गोपाल सिंह, प्रधान पाठक प्रकाश जोल्हे, शिक्षक बिहारी लाल साहू, वर्षा सिंह, श्याम सिंह मरावी, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेश गुप्ता, शिक्षक राजीव मिश्रा, इकराम, इसरार हयात, नवीन राठौर, विवेक, निकिता केसरी, आंचल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ नागरिकों ने किया योग

सीतापुर। योग दिवस पर निरोग रहने का मूलमंत्र देने नगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत द्वारा मंगल भवन में आयोजित योग शिविर में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी समेत नगर वासियों ने योगाभ्यास किया। योग शिक्षक शैलेंद्र विशी एवं आशीष नायक ने सभी को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर योग शिक्षक शैलेंद्र विशी ने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि योग हमारे शरीर को निरोग रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। योग के जरिये इंसान जटिल से जटिल रोगों से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने बताया कि आज भारत पूरी दुनिया में योग का प्रचार प्रसार कर इसे लोगों के जीवन का हिस्सा बना दिया है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राथमिक शाला घुरवाबुडा में बच्चों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान प्रधान पाठक आशा सोनी ने योग का लाभ बताते हुए बच्चों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर गांव के लोगों ने भी बच्चों के साथ स्कूल प्रांगण में योगाभ्यास किया।

22-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/22/2024 7:37 PM Page 1

रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

नई दिल्ली। खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

लाइफ Style

ईशा कोपिकर

झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।

मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।

हॉलीवुड मसाला

नशे में धुत पाए गए रैपर ट्रैविस स्कॉट

लॉस एंजिलिस। अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।

ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

लॉस एंजिलिस। ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



किआरा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस किआरा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब किआरा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं किआरा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन किआरा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और किआरा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।

पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

मुंबई। जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

टीवी मसाला

'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी

नई दिल्ली। टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे

रेचेल का धांसू टीजर रिलीज

नई दिल्ली। हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैं।रेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर

नई दिल्ली। बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।

शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।

रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।

शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।

खबर संक्षेप

जिले में 53.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 जून तक 53.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 10.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 99.8 मिली मीटर, पुसौर में 110.4, खरसिया में 13.3, घरघोड़ा में 72.9, तमनार में 31.8, लैलूंगा में 59.7, मुकडेगा में 50.4, धरमजयगढ़ में 18.3, छाल में 53.7 एवं कापू में 20.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

नियुक्ति में एक ही परिवार के चयन का आरोप

रायगढ़। महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता के लिए नियुक्ति हो रही है। विनोबा नगर में एक ही परिवार के दो सदस्यों के चयन पर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। विनोबा नगर यादव गली में आंगनबाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता के लिए आवेदन मंगवाए गए थे, लेकिन आरोप लगाया जा रहा है कि कार्यकर्ता पद के लिए सीधा प्रमोशन किया गया है, जिसमें यादव गली वालों ने विरोध किया है। सहायिका पद के लिए वार्ड पार्षद के परिवार के ही दो सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में अंतिम सूची देखने पर आरोप सही मालूम पड़ता है। दस आवेदकों की सूची में पहले स्थान पर सोनम राजेंद्र राय और दूसरे स्थान पर गुंजा रायध्राजेंद्र राय का नाम है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की नियुक्ति से मामला संदेहास्पद हो गया है। बताया जा रहा है कि जांच हुई तो कई गड़बड़ी सामने आएगी।

किसानों को जैविक खेती करने किया प्रेरित

सरिया। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ तहसील बरमकेला ग्राम पंचायत तोरेसिंघा में किसानों को विनूतन एग्रोटेक के असिस्टेंट मैनेजर तरुण साहू व सेल्स ऑफिसर शाहिल जांगड़े, फिल्ड आफिसर सुशील पटेल व नायक कृषि केंद्र बरमकेला के द्वारा 21 जून को ग्राम तोरेसिंघा के किसानों के बैंगन के खेतों में जा कर जैविक खेती अपनाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उन्होंने किसानों को बताया कि निरंतर अधिक मात्रा में रासायनिक उर्वरकों एवम केमिकल उपयोग करने से मिट्टी की उत्पादन क्षमता कम होते जा रही है। फसलो एवं मिट्टी की गुणवत्ता पर विषैला दुष्प्रभाव पड़ता है। जबकि वही जैविक खेती से मिट्टी में लाभ दायक जीवाणुओं की संख्या और मिट्टी की उत्पादक क्षमता तो बढ़ती ही है साथ ही फसल की गुणवत्ता भी बढ़ती है। प्रशिक्षण के दौरान जयराम कोडाकू ऋषिकेश कोडाकू, रामजी कोडाकू, टेसकराम कोडाकू, चूड़ामणि कोडाकू, बाबूलाल, सतराम एनारायण यादव, साहनी यादव लखपति यादव, बटु यादव, सुग्रीव कोडाकू सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

रोशनलाल की जयंती झलमला में मनाई गई

झलमला। नगर के पूर्व विधायक रोशन लाल अग्रवाल की जयंती पर ग्राम झलमला में उनके छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर हनुमान चालीसा पाठ किया गया और उपस्थित जनो को हनुमान चालीसा बांटा गया। पूर्व जनपद सदस्य गुणमणी यादव झलमला पूर्व भाजपा कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र सिंह नागपाल सरपंच चम्पा सिदार पूर्व महिला मंडल कोडातराई मंत्री महरगी यादव नानकुन पटेल बैरागी यादव दीनबंधु पटेल टंकधर पटेल उतम शोमचरण भुईहर मौजूद रहे।

तालाब मेड़ में अतिक्रमण की शिकायत

पुसौर। शासकीय खैहा तालाब के मेड में अवैध रूप से अतिक्रमण किया जाकर सुअरों के रहने के लिए पक्का मचान बनाया जा रहा है जिसकी शिकायत नगर पंचायत पुसौर कार्यालय में की गई है। जानकारी के मुताबिक इसकी शिकायत विकास गुप्ता द्वारा की गई है जिसमें इन्होंने बताया है कि रघु सारथी द्वारा उक्त कृत्य को किया जा रहा है जिसमें इसने पक्का ईंट से चार दिवारी खडा किया जा चुका जिसकी रिपोर्ट नगर पंचायत कार्यालय में कई दिनों पूर्व किए जाने के बाद भी अब तक कोई कार्यवाही न होना और नगर पंचायत का मौन रहना समझ से परे है।

ग्रामीण अंचल में योगाभ्यास कर मना योग दिवस

विद्यालय जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत में लोगों ने किया योग

योग से तन और मस्तिष्क रहता है स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जनपद तमनार में 21 जून को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलम भवन तमनार जेपीएल सावित्रीनगर विरहोर बस्ती कचकोबा, ओपी जिंदल नलवा तराईमाल, राबो मिलुपारा धौराभांठा सहित ग्राम पंचायतो में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर योग करने के कई फायदों को बताकर समाज के लिए योगाभ्यास जागरूकता का संदेश दिया गया।

योग समिति हरिद्वार एवं प्रशिक्षित योग शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास, योग की मुद्रा और उसके स्वास्थ्यगत लाभों की जानकारी, योगाभ्यास के अंत में कपाल भाति और अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर शांति पाठ किया गया। योगा कर्मसु कौशल्या अर्थात योग जोड़कर कर्मों की दक्षता और कुशलता को निखरता है योग रोग का ही निवारण नहीं है योग से तन और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही देवता का वास होता है इसलिए हरदिन योग करना चाहिए।

सर्वविदित है कि आसन योग प्राणायाम आदि योगिक क्रियाओ से उच्च रक्तचाप मधुमेह हृदय रोग वात रोग मानसिक तनाव श्वास कास एलर्जी उदर एवं मूत्र विकार आदि दूर होते हैं।

जेपीएल यूनिट हेड सी एन सिंह ने बताया कि योग का हमारे जीवन में काफी अहम महत्व होता है यह न केवल स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है बल्कि यह शांत मन और प्रबल विचारों और एकाग्रता करने में मदद करता है योगा सेंटर सावित्रीनगर में कालोनी वासियो एवं नागरिकों को स्वयं और समाज के लिए योगाभ्यास करना चाहिए। मंगलम तमनार में सामाजिक कार्यकर्ता अश्वनी पटनायक भाजपा जिलामहामंत्री सतीशचन्द बेहरा, मुकुन्दमुरारी पटनायक, रमेश बेहरा, जनपद सीईओ वीरेंद्र सिंह राय, प्रशिक्षक गीतांजलि पटनायक, सदानंद पटनायक, पत्रकार दुलेन्द्र पटेल, डॉ राजेश पटेल, डॉ कुशवाहा जनकराम साहू, योगेश शर्मा, पतंजलि योग समिति, योग आयोग, आयुष विभाग, जनपद व ग्राम पंचायत गायत्री परिवार, भाजपा, सामाजिक संगठन अन्य विभाग अधिकारी कर्मचारी गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि बच्चे युवा महिला पुरुष हजारों ग्रामीणजन शामिल हुए।

जिला न्यायालय व तहसील न्यायालय में कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

रायगढ़। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के मार्गदर्शन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर में प्रशिक्षित योग शिक्षक की उपस्थिति में योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला न्यायालय एवं परिवार न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण एवं कर्मचारीगण सहित जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपस्थित योग शिक्षकों द्वारा योग से होने वाले लाभ एवं उसके महत्व के बारे में समझाते हुये अपने जीवन में योग को अपनाने की अपील की गई। इसी प्रकार तहसील न्यायालयों में भी योग दिवस के अवसर पर योग शिविरों का आयोजन किया गया। योग शिविर आयोजन में समाज कल्याण विभाग रायगढ़ से सिद्धान्त शंकर मोहन्ती के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय एवं तहसीलों को मिलाकर 355 अधिकारियों कर्मचारियों अधिवक्तागण सहित उपस्थित अन्य लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में अरविन्द कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश द्वारा उपस्थित योग शिक्षक भवन अग्रवाल एवं ब्रज किशोर सामल को योग शिविर के उपलक्ष्य में प्रमाण.पत्र का वितरण किया गया।

जनपद पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों ने किया योग

पुसौर। पुसौर जनपद क्षेत्र के 280 आंगनबाडी केन्द्रों 88 ग्राम पंचायतों में योग दिवस के अवसर पर 4 वर्ष के बच्चे से लेकर बडे बुजुर्ग तक सुबह 6 बजे से 8 बजे के बीच योग करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को संपन्न किया है। उपरोक्त सारे स्थानों के योग कार्यक्रम के फोटो वीडियो सीईओ अभिशेक बनर्जी को संबंधित नोडल अधिकारियों द्वारा भेजा गया है। पुसौर जनपद कार्यालय भवन में वरिष्ठ लेखापाल क्षीरसागर गुप्ता अन्य स्टाफ में राजेन्द्र चौधरी, बद्रीनाथ पटेल, नरेन्द्र कुलमित्र, ऋषि पटेल, छत्रपाल गुप्ता, उमाकांत साव, अमित ग्रायन्कर, रोहित पाव, जानकी साहू, मुरली प्रधान, लक्ष्मीनारायण कंवर दीपक दिवाकर, गोरेलाल पटेल सहित अन्य दर्जनों लोगों ने योग दिवस में योग करते हुए स्वस्थ रहने का संदेश दिया है। इस अवसर पर सीईओ अभिशेक बनर्जी ने योग में शामिल हुए सभी लोगों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि प्रत्येक दिन अमल में लाने का है इससे आत्मसात करने से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं मन भी स्वस्थ रहता है जिससे सदेव सकारात्मक विचार ही आते हैं।

अभिनव स्कूल में शिक्षक विद्यार्थियों ने किया योग

पुसौर। तहसील मुख्यालय पुसौर में स्थापित अभिनव विद्यामंदिर के संचालक अक्षय कुमार सतपथी के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश में खंड स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें खंड के प्रमुख शिक्षक अधिकारी कर्मचारी एवं स्काउट गाईड्स के टीम सहित नेता प्रतिपक्ष उमेश साव भी शामिल हुए उक्त कार्यक्रम लगभग 6 बजे से प्रारंभ हुआ जिसमें स्कूल संचालक अक्षय कुमार सतपथी स्वयं योग शिक्षक होने की हैसियत से अनुलोम विलोम भ्रामरी, पद्मासन नौकासन सहित कई प्रकार के आसनों को अवगत कराया इन्होंने योग करने के बीच कपालभाति को प्राथमिकता से करने की हिदायत थी। खान पान को लेकर भी इन्होंने कहा कि मानव शरीर शाकाहार के लिए होता है लेकिन लोग स्वाद से वशिभूत होकर इससे प्रतिकूल आहार करते हैं और वह भी समय पर नहीं करते ऐसे स्थिति में योग की कोई विधा काम नहीं आती और लोग रोग ग्रस्त हो जाते हैं इससे निजात पाने के लिए दिनचर्या ठीक रखने के साथ ही नियमित योग करने की जरूरत है।

योग भारत की अमूल्य देन, जीवन में आती है सकारात्मकता

कटेली। शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक तारकेश्वर टंडन के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में विश्व योगा दिवस 2024 पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधान पाठक तारकेश्वर टंडन ने योग दिवस पर अपने विचार साझा किए उन्होंने कहा कि योग भारत की अमूल्य देन है भारत ने योग के क्षेत्र में दुनिया को बहुत कुछ दिया, जिससे दुनियाभर के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए। इसका पूरा श्रेय भारत के उन महान और प्रसिद्ध गुरुओं को जाता है जिनके कारण योग के लाभ इसके महत्व की अहमियत को दुनियाभर में पहचान मिली। योग को भारत की प्राचीन विधा कहा जाता है। योग व्यक्ति को स्वस्थए निरोगी व जीवनशैली को संतुलित रखने में अहम भूमिका निभाती है। इसलिए योग सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं। योग के स्वास्थ्य, मांनसिक लाभ को जानने के बाद आज इसे दुनियाभर में पहचान मिली और योग के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय परिसर में वृक्षों की सुंदर हरीतिमा के मध्य अनुलोम विलोम, वृक्षा सन ताड़ासन, सेतु बंधासन, प्राणायाम, भुजंगासन, धनुरा सन आदि अश्वनी देवांगन द्वारा अभ्यास कराया गया। इस वक्त माध्यमिक शाला कोतमरा के प्रधान पाठक तारकेश्वर टंडन एवं अश्वनी देवांगन व विद्यालय के छात्र छात्रा बिहान समूह के अमरिका जायसवाल अनीता निराला उपस्थिति रहें।

सशिमं में धर्म आध्यात्म व योग ज्ञान विज्ञान का दिया गया संदेश

तमनार। सरस्वती शिशु मंदिर खरसिया नगर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत नगर के योगाभ्यासियों ने एकत्रित होकर योग ध्यान प्राणायाम का अभ्यास किए। जिसमें मुख्य रूप से योग शिक्षक लंबोदर मानिकपुरी के द्वारा योग कराया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर हितेश गवेल एमडी मैत्री, कृष्ण कुमार पटेल अमित चंदवानी, खगेश्वर साहू, पवन अग्रवाल, अजय मित्तल, सुमिरन दास महंत, अमृतलाल चन्द्रा, तुकेश्वर पांडे सुलेखा पाटकर, ईश्वरी राठौर, संध्या मधुतुल्य, नीलिमा राठौर, शत्रुघन यादव, अमोल दास एवं अन्य योगाभ्यास उपस्थित थे। योग कार्यक्रम में बौद्धिक राजकुमार डनसेना तमनार द्वारा दिया गया, उनके द्वारा बताया गया कि भारत ने ही विश्व को धर्म आध्यात्मिक योग ज्ञान विज्ञान का संदेश दिया है। मानव जीवन में निरोगी काया और स्वस्थ मन की प्राप्ति के लिए इस योग का अभ्युदय हुआ है यह योग भारत की देन है यह योग भारत के स्वाभिमान है यह योग भारत का गौरव है और यह योग भारत के संस्कृति है योग राष्ट्र के प्रतीक है। उन्होंने आगे बताया कि योग मात्र एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति नहीं अपितु योग का प्रयोग परिणाम

पर आधारित एक ऐसा प्रमाण है जो व्याधि को निर्मल कर देता है। योग कोई धर्म नहीं यह विज्ञान है वह अपने पुरखों का ज्ञान है। योग कोई पूजा पाठ की पद्धति नहीं अपितु यह संपूर्ण जीवन शैली है। योग से आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होती है। योग किसी एक देश अथवा किसी जाति तक सीमित नहीं वर्ण समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए है।

नगर पंचायत कार्यालय पुसौर में मना योग दिवस

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर के कार्यालय भवन में नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश थवाईत, उपाध्यक्ष मोहित सतपथी, पूर्व अध्यक्ष किशोर कसेर, नेता प्रतिपक्ष उमेश साव, सीएमओ क्षितिज सिंह सहित अन्य पार्षद एवं कार्यालयीन स्टाफ ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम को लेकर सीएमओ बीते दिनांक से तैयारी कर लिए थे इसलिए ये सुबह 6 बजे कार्यालय भवन में यह कार्यक्रम प्रारंभ हुई जिसमें उपरोक्त सभी लोगों ने आन लाईन योग किया।

पुलिस के सुरक्षा अभियान में सहभागी बने सांसद, पहनाया हेलमेट

रायगढ़। जिला पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चालकों को चालानी कार्रवाई पश्चात निः शुल्क हेलमेट का वितरण किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग मार्गों में चालानी कार्रवाई कर उस क्षेत्र में कैम्प लगाकर हेलमेट वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज घरघोड़ा बाईपास कंचनपुर में आयोजित जिला पुलिस के कार्यक्रम में रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राधेश्याम राठिया शामिल हुए। कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मौर्य, उप पुलिस अधीक्षक यातायत रमेश कुमार चंद्रा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद राधेश्याम राठिया ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने प्रेरित किया गया और परिवारजनों को भी हेलमेट पहनने की बात कही। उन्होंने रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की प्रशंसा कर अधिकारियों को शुभकामनाएं दिए। यातायात डीएसपी रमेश चंद्रा बताए कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा को बढ़ावा देने हेलमेट वितरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कुल 16 ब्लैक स्पॉट को चिन्हांकित किया गया है जिसमें 10 नेशनल हाईवे और 4 स्टेट हाईवे में है तथा एक घरघोड़ा तमनार व एक घरघोड़ा लैलूंगा मार्ग पर है। जिले में सर्वाधिक दुर्घटनाएं धरमजयगढ़ अनुविभाग में हुई है। प्रशासन, पुलिस, परिवहन विभाग के साथ तमाम एजेंसी यातायात दुर्घटनाओं को कम करने और मृत्यु दंड में कमी लाने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है।

विडियोग्राफी प्रशिक्षण कल से पंजीयन प्रारंभ

रायगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में 24 जून 2024 से 30 दिवसीय विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी का प्रशिक्षण प्रारंभ होने जा रहा हैं। जिसके लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन.यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवकध्युवती एवं महिलाध्पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा, में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिए संपर्क कर सकते हैं।

रेत एवं चूना पत्थर का अवैध परिवहन खनिज विभाग ने किया 8 वाहन जब्त

रायगढ़। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोकथाम करने हेतु निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के परिपालन में खनिज विभाग द्वारा गत दिवस निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के 3 हाइवा एवं चूनापत्थर के 5 वाहन इस प्रकार अवैध परिवहन के कुल 8 प्रकरण जप्त किया गया है। इसी प्रकार खनिज रेत के अवैध भण्डारण एवं खनिज रेत के अवैध उत्खनन के एक एक प्रकरण दर्ज किए गए है। अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को थाना चक्रधरनगर एवं थाना पुसौर रायगढ़ में रखा गया है। उप संचालक खनिज ने जानकारी देते हुए बताया कि मुकेश कुमार मित्तल, पप्पू बोंदा, दीपक सिंघल, थाना रोड रायगढ़, पूजा क्रेशर, टिमरलगा सारंगढ़ एवं मंगल स्टोर क्रेशर, बानीपाथर खरसिया से चूनापत्थर के कुल 5 वाहन तथा दिनेश यादव रायगढ़ से रेत परिवहन के 01 वाहन तथा बबलू बेहरा, चांटीपाली रायगढ़ से रेत के 2 वाहन जप्त किए गए है। इसी तरह अवैध भण्डारणकर्ता नमो नारायण पटेल, उसरौट रायगढ़ तथा अवैध उत्खननकर्ता मुरली साव, कांदागढ़ रायगढ़ से खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर एक एक प्रकरण दर्ज किया गया है।

■ खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण पर दो प्रकरण दर्ज

उक्त सभी वाहनों पर खान एवं खनिज निकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 1 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहन, उत्खनन, भण्डारण कर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि बिना बैध दस्तावेज के खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करना दण्डनीय अपराध है और इस प्रकार के कृत्य करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलों द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच की जाएगी।

हाईवा से 200 लीटर डीजल की चोरी, अपराध दर्ज

रायगढ़। तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कसडोल में सड़क किनारे खड़ी हाईवा से 200 लीटर डीजल चोरी का मामला सामने आया है। सुपरवाईजर की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कसडोल निवासी ललित साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बेहरा एसोसिएट झिंकाबहाल में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत है। उसके द्वारा वहां के सभी वाहनो का देख रेख किया जाता है। 20 जून की दरम्यानी रात करीब ढाई बजे के आसपास वह वाहनो को चेक करने लिबरा पहुंचा था। ललित साहू साहू ने बताया कि कंपनी का हाईवा क्रमांक सीजी 13 एआर 7767 जो कि प्लाईएश में चलता है। हाईवा का चालक वाहन को खड़ी कर अपनी सीट पर सोया हुआ था और इस बीच उसके द्वारा गाड़ी को चेक करने पर देखा कि डीजल का टंकी खुला हुआ था इसके बाद जब उसने ड्रायवर को उठाकर इस संबंध में पूछताछ की गई तो उसने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं होना बताया गया। चोरी की आशंका के मद्देनजर जब ड्रायवर से डीजल टंकी को चेक कराया जिसमें करीब 30 लीटर डीजल बचा हुआ था, उक्त वाहन से करीब 200 लीटर को किसी अज्ञात शख्स के द्वारा चोरी कर लिया गया था।

दो पालियों में होगी परीक्षा, बनाए गए 50 परीक्षा केन्द्र

आज होगी टीईटी एवं पीपीटी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 23 जून 2024 को दो पाली में टीईटी एवं पीपीटी की आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रातः 9 से दोपहर 12.15 बजे तक पीपीटी एवं प्रातः 9.30 से दोपहर 12.15 बजे तक टीईटी परीक्षा होगी। कक्षा 01 से 05 कक्षा अध्यापन करने वालों के लिए सायं की पाली को 2 से 4.45 बजे तक टीईटी कक्षा 06 से 08 तक अध्ययन करने वालों के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें रायगढ़ जिले के अंतर्गत प्रथम प्रातः की पाली में पीपीटी के लिए 07 परीक्षा केंद्र एवं टीईटी के लिए 34 केंद्र कुल 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें जिसमें प्रातः की पाली में पीपीटी परीक्षा के लिए निर्धारित 07 परीक्षा केंद्रों में 1872 परीक्षार्थी एवं टीईटी परीक्षा के लिए निर्धारित 34 परीक्षा केंद्रों में 9861 परीक्षार्थी पंजीकृत है। इसी तरह शाम की पाली में 50 परीक्षा केंद्रों में 15254 परीक्षार्थी पंजीकृत है। उपरोक्त परीक्षा केंद्रों के लिए जिला स्तर से केन्द्रवार पर्यवेक्षक नियुक्ति की गई है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर रायगढ़ द्वारा महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ मोबा नं. 7746859383 को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा मोबा नं. 7000081311 को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन सम्पन्न करने के लिए सभी केंद्राध्यक्षों, जिला द्वारा नियुक्त आब्जर्वर एवं समन्वयक संस्था से नियुक्त ऑब्जर्वर की ब्रीफिंग 20 जून 2024 को किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में आयोजित की गई।

दिव्यांग परीक्षार्थी होंगे शामिल

23 जून को आयोजित पीपीटी परीक्षा में 02 दिव्यांग एवं टीईटी परीक्षा में 12 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिसमें 10 परीक्षार्थी स्वयं लेखक लेकर आएंगे 02 परीक्षार्थी के लिए लेखक व्यवस्था व्यापम की ओर से केंद्राध्यक्ष द्वारा की जाएगी, इसी तरह शाम की पाली में 15 दिव्यांग परीक्षार्थी शामिल होंगे जिसमें 10 परीक्षार्थी स्वयं लेखक ले के आएंगे, जबकि 05 परीक्षार्थियों के लिए लेखक की व्यवस्था व्यापम की ओर से केंद्राध्यक्षों द्वारा की जाएगी।

उडनदस्ता दलों का गठन

प्रत्येक परीक्षा केंद्र में जिला नोडल द्वारा से नियुक्त ऑब्जर्वर एवं समन्वयक संस्था से नियुक्त ऑब्जर्वर के साथ साथ जिला स्तर से 05 उडनदस्ता दल समीर बड़ा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ लोमश मिरी तहसीलदार रायगढ़, श्रीमती नेहा उपाध्याय तहसीलदार पुसौर नरेन्द्र कुमार चौधरी जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा एवं शैलेन्द्र कुमार कर्ण प्राचार्य शाउमावि रायकेरा के नेतृत्व में 03 सदस्यीय उडनदस्ता दल का गठन किया गया है।